विद्युत और अदा की फिल्म कमांडो के सॉन्ग का टीज़र रिलीज़

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



विद्युत जामवाल कमांडो 3 से एक बार फिर अपने दमदार ऐक्शन का जलवा बिखेरने की तैयारी में हैं। जहां ट्रेलर ने पहले से ही फैन्स को उत्साहित कर रखा है, वहीं मेकर्स अब इस फिल्म का पहली गाना रिलीज़ करने की तैयारी में हैं। विद्युत जामवाल ने खुद अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस गाने का टीज़र रिलीज़ किया है, जिसका टाइटल है, अखियां मिलावांगा। इस गाने में विद्युत और अदा के प्यारी केमिस्ट्री की एक झलक नजर आ रही है। अरिजीत सिंह की आवाज में तैयार यह गाना दिलों को छू जाना वाला है। विद्युत ने इस गाने के टीज़र को शेयर करते हुए बताया है कि यह गाना कल रिलीज़ किया जाएगा। आदित्य दत्त के डायरेक्शन में बनने वाली इस फिल्म में भी विद्युत जामवाल का जबर्दस्त ऐक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म में विद्युत के साथ अदा शर्मा, अंगीरा धर और गुलशन देवैया दिखाई देंगे। बता दें कि इस फ्रैंचाइजी की पहली दो फिल्में साल 2013 और 2017 में आई थीं, जिनमें विद्युत जामवाल मुख्य भूमिका में थे।

इमरान हाशमी और ऋषि कपूर की हॉरर फिल्म द बॉडी का फर्स्ट पोस्टर जारी: इमरान हाशमी और ऋषि कपूर की फिल्म द बॉडी पिछले कुछ समय से चर्चा में है। यह फिल्म ऋषि की बॉलिवुड में कमबैक फिल्म होगी, जो कि एक हॉरर फिल्म है। इस फिल्म का फर्स्ट पोस्टर सामने आ चुका है। बता दें कि द बॉडी की कहानी स्पैनिश फिल्म श्वद्य ष्टद्बद्गह्मश्च से प्रेरित है। इमरान हाशमी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का पहला पोस्टर फैन्स से शेयर किया है। इस पोस्टर में फिल्म की रिलीज़ डेट का भी जिक्र किया गया है, जो कि 13 दिसम्बर 2019 है। मेकर्स ने फिल्म का नाम और रिलीज़ डेट को लेकर अब तक कोई जानकारी नहीं दी थी, लेकिन जैसे ही 39 दिन में फिल्म की शूटिंग खत्म हुई उन्होंने इसकी रिलीज़ डेट बता दी हैइस पोस्ट में एक कांच की ग्लास गिरी नजर आ रही है। उस ग्लास में और इसके बार टेबल पर काफी सारा खून बहा दिख रहा है और साइड में रखी है एक जोड़ी अंगूठीइमरान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, इस दिसम्बर द बॉडी को खोजने के लिए हमसे जुड़िए। 13 को सामने आएगी कहानी। फिल्म की स्टोरीलाइन की बात करें तो इमरान एक ऐसे शख्स की भूमिका में हैं, जिनकी पत्नी की मौत हो जाती है और फिर उनकी बॉडी मुर्दाघर से अचानक गायब हो जाती है।

फिल्म के सेट पर पंजाबी गाने इंजॉय करती दिखीं कृति सैनन

कृति सैनन डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर फिल्म पानीपत में नजर आएंगी। इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज होते ही लोगों की काफी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इस फिल्म में कृति सैनन पेशवा सदाशिव राव की पत्नी पार्वती बाई की भूमिका में नजर आएंगी। कृति सैनन ने अपनी अपकमिंग फिल्म मिमी के पहले शेयड्यूल की शुरुआत राजस्थान में कर दी है। फिल्म के सेट से पंजाबी गानों को इंजॉय करते हुए एक विडियो सामने आया है। विडियो में आप देख सकते हैं कि कृति सैनन ने टी-शर्ट और लोअर पहन रखा है। वह कुर्सी पर बैठी हुई ब्लैक कॉफी पी रही हैं। बैकग्राउंड में पंजाबी गाना बज रहा है। वहीं, हेयर आर्टिस्ट उनके बाल सही कर रहा है। बता दें कि फिल्म मिमी में कृति सैनन का काफी महत्वपूर्ण रोल है। यह फिल्म उनके किरदार के आसपास घूमती है। फिल्म लुकाछिपी के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कृति सैनन के साथ पंकज त्रिपाठी भी नजर आएंगे।

पीटी उषा का किरदार निभाना चाहती हैं उर्वशी रौटेला

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौटेला सिल्वर स्क्रीन पर उड़न परी पी टी उषा का किरदार निभाना चाहती हैं। उर्वशी ने कहा, बहुत से लोग नहीं जानते कि मैं भी एक एथलीट हूं। मैं एक राष्ट्रीय स्तर पर बास्केटबॉल चैंपियन रही हूं। मैं लड़कियों की टीम की कैप्टन थी। मैं एक खिलाड़ी हूं, इसलिए मुझे लगता है कि पी टी उषा की भूमिका के लिए मुझसे बेहतर कोई नहीं हो सकता है। मैं एक रेसर रही हूं। मैंने बहुत सी दौड़ में भी भाग लिया है और कई जीते भी हैं। इसलिए मुझे लगता है कि मैं किसी भी स्पोर्ट्स बायोपिक में फिट बैठूंगी। इसके अलावा फिल्म निर्माताओं को ट्रेनिंग में भी अपना समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। उर्वशी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'पागलपंती' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी कर रहे है और यह एक कॉमेडी फिल्म है। अनीस के निर्देशन में काम करने के बारे में उर्वशी ने कहा,यह एक शानदार अनुभव था। वह बहुत ही सुलझे हुए फिल्म निर्देशक हैं जो जानते हैं कि उन्हें क्या चाहिए। मैंने अनीस बज्मी के साथ काम कर अपने पिता को गौरवान्वित ही किया है।